# अपनी बात

अंक : 516 वर्ष 41 सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका रॉंची, 31 मई, 2017

## चंपारण सत्याग्रह शताब्दी का आयोजन

चंपारण सत्याग्रह शताब्दी के अवसर पर विगत 02 मई को मुख्यालय में चंपारण सत्याग्रह शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य सभा के पूर्व सांसद माननीय श्री देवदास आप्टे, सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्पअर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि तथा सीएमडी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। गुमला जिले से आये टाना भगतों ने पारंपरिक ढंग से पूजा अर्चना की और प्रार्थना किया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री देवदास आप्टे ने उपस्थित सभी को अपने जीवन के लंबे अनुभव से अवगत कराते हुए कहा कि आज से सौ साल पहले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का आगमन हुआ था और उसी समय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म के साथ भारतीय इतिहास में एक स्वर्णिम युग का आगाज हुआ था। श्री आप्टे ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी की लड़ाई में देश के दूर दराज के आम नागरिकों को सत्याग्रह और असहयोग आंदोलन से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया था और पूरे विश्व को अहिंसा, सत्य, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया था। श्री आप्टे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बारे में बताते हुए कहा कि आजाद भारत में उनके विचार यानि "अंत्योदय" के माध्यम से अंतिम



श्री देवदास आप्टे पूर्व सांसद तथा सीएमडी श्री गोपाल सिंह दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते

व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, उन्हें विश्वास हो कि सरकारी योजना का लाभ उनके लिए भी है, उनका समग्र विकास हो, तभी भारत का विकास होगा। 'सबका साथ सबका विकास' का नारा जो हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिया है वह सबसे महत्वपूर्ण है। आज आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए हम सभी को मिलजुल कर सतत प्रयत्न करना है।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सीसीएल परिवार की ओर से शत–शत नमन करते हुए कहा कि जो राह उन्होंने हम सभी को दिखाई है उस पर चलते हुए उनके सपने को हम सभी को चरितार्थ करना है। उन्होंने कहा कि यह महात्मा गांधी की करिश्माई नेतृत्व की देन है कि हमने अपने सरजमीं से अंग्रेजो को इतिहास के पहले एवं अनूठे अहिंसक आन्दोलन द्वारा बेदखल किया। श्री सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया 'सबका साथ सबका विकास' का नारा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की संकलना 'अंत्योदय' का पूर्वालोकन है और सीसीएल वृहद परिवार का प्रत्येक सदस्य इस नारे को मूर्तरूप देने के लिए सतत प्रयासरत है। श्री सिंह ने कहा कि सीसीएल स्वास्थ्य, कौशल विकास, शिक्षा, खेल आदि विभिन्न सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, तभी राष्ट्र विकसित होगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, श्रमिक प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में मुख्यालय तथा क्षेत्रों के कर्मी उपस्थित थे।

## सीएसआर मेला 2017 में सीसीएल का स्टॉल



बीसीसीएल स्टाल का उद्घाटन करते माननीय केन्द्रीय मंत्री, केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं अन्य

माननीय केंद्रीय मंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार श्री अनंत गीते ने विगत 04 मई को तीन दिवसीय सीएसआर मेला में सीसीएल के स्टॉल का उद्घाटन किया। इस स्टॉल में सीसीएल द्वारा चलाये जा रहे विविध सीएसआर गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। माननीय राज्य मंत्री, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय, श्री बाबुल सुप्रियो, सचिव, भारी उद्योग और मंत्रालय लोक उद्यम, श्रीमती सीमा बहुगुण, अपर सचिव, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय श्री मधुकर गुप्ता, सचिव चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स श्री अनिल खैतान सहित आमजन ने सीसीएल स्टॉल पर लगाये गये सीएसआर गतिविधियों को देखा तथा सीसीएल द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, पेयजल, स्वच्छता, खेल आदि क्षेत्रों में बहुमुखी विकास के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और सराहना की।

मेले के दौरान सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने स्टॉल का निरीक्षण करते हुए उपस्थित सीसीएल के प्रतिनिधियों को सीसीएल द्वारा चलाये जा रहे कायाकल्प योजनाओं के तहत विभिन्न कल्याणकारी कार्यों को आमजन तक सरल भाषा में प्रेषित करने को कहा।

## तंबाकू हानिकारक –सीएमडी

विगत 25 मई को सीसीएल मुख्यालय के "विचार मंच" में "तम्बाकू विकास के लिए हानिकारक" विषय पर चर्चा किया गया। इस चर्चा में सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, सुपर स्पेश्यलिटि मेडिका अस्पताल, रांची के वाईस चेयरमैन डॉ. संजय कुमार, निदेशक मेडिका अस्पताल, रांची के डॉ. दीपक गुप्ता एवं सीसीएल के कर्मी उपस्थित थे।

सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने कार्यक्रम के दौरान युवाओं से सीधे संवाद किया और तम्बाकू सेवन ना करने के लिए संकल्प लेने को कहा। डॉ. संजय ने अपने संदेश "No to Tobacco, Yes to life" के साथ प्रिवेन्टिव मेजर्स के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन दैनिक अखबार "टेलिग्राफ" द्वारा सीसीएल के सहयोग से किया गया था।

## राजभाषा की समीक्षात्मक बैठक




निदेशक(का.) संयुक्त निदेशक(राजभाषा) का स्वागत करते हुये

विगत 19 मई को मुख्यालय के "कोयला कक्ष" में कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक (राजभाषा) श्री सुबोध कुमार ने सीसीएल में राजभाषा हिन्दी के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में श्री कुमार तथा श्री आर. एस. महापात्र ने दैनिक उपयोग में आने वाली पुस्तिका 'मानक प्रारूप संकलन' का विमोचन भी किया।

> स्वच्छता हमारा स्वभाव बनना चाहिए। स्वच्छ वातावरण का सबसे ज्यादा लाभ गरीबों को मिलता है।
>
> – प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी

## 59वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह पुरस्कार सह समापन समारोह

### खुली खदान ग्रुप 'ए' में प्रथम पिपरवार, भूमिगत खदान में प्रथम भुरकुण्डा




दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि तथा सभाध्यक्ष



पुरस्कार प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि एवं सभाध्यक्ष तथा अन्य

59वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समापन–सह–पुरस्कार वितरण समारोह विगत 14 मई को खान सुरक्षा महानिदेशालय कोडरमा एवं रांची क्षेत्र के तत्वावधान में सीसीएल के एनके क्षेत्र में किया गया। मुख्य अतिथि उप–महानिदेशक खान सुरक्षा महानिदेशालय द.पू. जोन रांची डॉ. असीम कुमार सिन्हा तथा सभाध्यक्ष सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि तथा सभाध्यक्ष ने सुरक्षा ध्वज फहराया, सुरक्षा ज्योति प्रज्वलित की तथा समारोह स्थल में दर्शाये गये विभिन्न संस्थानों के सुरक्षा प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि तथा सभाध्यक्ष ने सुरक्षा पत्रिका स्मारिका का विमोचन भी किया।

मुख्य अतिथि डॉ. सिन्हा ने कहा कि माईन्स का निरीक्षण कर सुरक्षा को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। कामगार, सुपरवाईजर, प्रबंधक तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा ही खदान का आकलन कर खदान की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने ठेका श्रमिकों के कल्याण पर विशेष बल देने को कहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल वृहद परिवार के एक–एक सदस्य का साधुवाद किया तथा इस सफल आयोजन के लिए एन के क्षेत्र की सराहना की। श्री सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खदान में "जीरो दुर्घटना दर" लाना है। खदानों की सुरक्षा सीसीएल की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अपना–अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें और सीसीएल के स्वपन को साकार करने में अपनी सहभागिता निभायें।

उप–महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय मध्य जोन, धनबाद श्री संजीवन राय, श्री एम.के. मालवीय, श्री मिहिर चौधरी तथा सेफ्टी बोर्ड, जेसीएससी के सदस्यों ने भी सभा को संबोधित किया तथा माईन्स सेफ्टी के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन करने सहित विभिन्न वर्ग में पुरस्कार प्रदान किये गए जिसकी सूची इस प्रकार है : भूमिगत खदानः प्रथमः भुरकुण्डा, द्वितीयः केदला, तृतीयः ढोरी खास, ग्रुप 'ए' खुली खदान माईन्स प्रथमः पिपरवार, द्वितीयः टाटा एसई, तृतीयः रोहणी, ग्रुप 'बी' खुली खदान माईन्सः प्रथमः कारो, द्वितीयः बिरसा, तृतीयः केदला, आउटसोर्सड खुली खदान माईन्स प्रथमः एनटीपीसी, द्वितीयः आम्रपाली, तृतीयः बालकुद्रा, स्टॉल में प्रथमः कुजू क्षेत्र, द्वितीयः एनके क्षेत्र।

सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, रॉंची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, रॉंची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)